# RISHAB SPECIAL YARNS LIMITED

REG. OFFICE: 2070, RASTA BARA GANGORE, JAIPUR- 302003,RAJASTAN, INDIA
CIN: L17114RJ1987PLC004067
Email: compliance.rsyl@gmail.com, Website :www.rishabspecial.com, Tel.: 0141-2575213

**Date: 15th February, 2024**

To,
Corporate Relationship Department,
BSE LIMITED
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai- 400001

Scrip Code: 514177

Dear Sir/Madam,

**Sub: Newspaper advertisement of Un-Audited Financial Results for quarter ended December 31,2023 approved in the board meeting held on Wednesday, 14Th day of February, 2024**

With reference to the regulation 47 and other applicable regulations, if any of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are submitting herewith the copy of newspaper advertisement, please find attached herewith scanned copies of Newspaper clippings of the Un Audited Financial Results for quarter ended December 31, 2023 as published in The Impressive Times (in English) and Mahanagar Times (in Hindi) on February 15, 2024.

Kindly take the same on your record.

Thanking You,

For RISHAB SPECIAL YARNS LIMITED,

SANJAY KUMAR AGRAWAL
**Managing Director**
**(DIN: 05308288 )**
**Place: Jaipur**

### वसंत पंचमी पर बिरला शिक्षण संस्थान ने मनाया 95वां स्थापना दिवस एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

# छात्राओं ने सामूहिक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी







**पिलानी (बाबूलाल घोघलिया/ मृदुल पत्रिका)।** बिरला शिक्षण संस्थान ने बुधवार बसंतोत्सव के पावन पर्व के दिन सरस्वती मंदिर के परिसर में अपना 95वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिरला शिक्षण संस्थान के निदेशक मेजर जनरल एस एस नायर (एवीएसएम) थे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं बिरला शिक्षण संस्थान के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों ने श्रीयुत जीडी बिरला जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी की छात्राओं ने पारंपरिक राजस्थानी तरीके से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बालिका विद्यापीठ की छात्राओं द्वारा स्वस्तिवाचन से किया गया। तत्पश्चात बिरला शिक्षण संस्थान के सभी विद्यालयों की छात्राओं ने सामूहिक रूप से नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। इसी क्रम में बिरला बालिका विद्यापीठ, बिरला पब्लिक स्कूल, बिरला शिशु विहार, बिरला स्कूल पिलानी, बिरला इंटरनेशनल स्कूल, किशनगढ़ तथा बिरला पब्लिक स्कूल, गंगानगर की छात्र छात्राओं ने सामूहिक रूप से मां शारदा की स्तुति की व कुलगीत गीत तथा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यशोगान गाया।

इस अवसर पर बीईटी के विधि अधिकारी कपिल शर्मा ने संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान तथा बीईटी के विद्यालयों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिसके अंतर्गत बिरला बालिका विद्यापीठ की छात्रा मान्या वार्ष्णेय को विज्ञान वर्ग में बी ई टी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक तथा स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। साथ ही विद्यालय की ही छात्रा तमन्ना सहाय को कला वर्ग में बीईटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक एवं वसन्ती देवी पुरस्कार के रूप में चार हजार रुपये की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वहीं पिलानी राजस्थान के प्रसिद्ध विद्यालय बैंड की प्रथम लीडर यशश्विका गौर को भी वसन्ती देवी पुरस्कार के रूप में चार हजार रुपये की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। बिरला पब्लिक स्कूल, किशनगढ़ के दक्ष वर्धन भुटोरिया को वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

इस अवसर पर इस संस्थान में कार्यरत शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। डॉ पद्मा सिंह को बी ई टी बेस्ट टीचर तथा श्रीमती नीमा जोसफ एवं सुश्री प्रेरणा सिंह स्कूल बेस्ट टीचर से सम्मानित किया गया। संस्थान द्वारा आयोजित उत्कृष्ट उद्यान प्रतियोगिता, तैराकी प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता, बीईटी इंटर स्कूल विज्ञान प्रश्नोत्तरी (मध्यम वर्ग), डॉ. अमरजीत सिंह जनरल साइंस ट्रॉफी (जूनियर) में क्रमशः प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बिरला बालिका विद्यापीठ को चल जयंती प्रदान की गई। मुख्य अतिथि ने वक्तव्य में जीडी बिरला जी को याद कर नमन करते हुए कहा कि सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बिरला शिक्षण संस्थान के संस्थापक घनश्याम दास जी बिरला के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की तथा साथ ही उन्होंने बिरला परिवार के प्रति इस शिक्षण संस्थान को निरंतर अपने अनवरत प्रयत्नों से विकसित एवं पल्लवित करने के प्रति आभार जताया। उन्होंने इस संस्थान में कार्यरत सभी शिक्षकों के शिक्षण के क्षेत्र में किए गए सभी प्रयासों की सराहना की।

अंत में बिरला बालिका विद्यापीठ की प्राचार्या डॉ एम. कस्तूरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में बिरला शिक्षण संस्थान के उपनिदेशक कैप्टन अलोकेश सेन, मुख्य वित्त अधिकारी घनश्याम सिंह गौड़, विधि अधिकारी कपिल शर्मा, बिरला शिशुविहार के प्राचार्य पवन वशिष्ठ, बिड़ला स्कूल, पिलानी के प्राचार्य धीरेंद्र सिंह, बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी की प्राचार्या श्रीमती काजल मारवाह, बिरला पब्लिक स्कूल किशनगढ़ के प्राचार्य सौरभ कुमार गुहा, बिरला पब्लिक स्कूल गंगानगर के प्राचार्य डॉ नितेश कुमार सिंह सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणयमान्य लोग उपस्थित थे।

# राजस्थान में 1681 करोड़ की दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी

## दिया कुमारी के सांसद रहते प्रयास से मेड़ता-रास और मेड़ता-पुष्कर रेल लाइन बिछेगी



**जयपुर कासं।** रेल मंत्रालय की ओर से राजस्थान को दो बड़े तोहफे दिए गए हैं। इन दोनों तोहफों के केंद्र में है प्रदेश के नागौर जिले का मेड़ता शहर। दशकों से बहुप्रतीक्षित मेड़ता-पुष्कर और मेड़ता-रास रेल लाइन को रेल मंत्रालय के रेलवे बोर्ड की ओर से 13 फरवरी, मंगलवार को आधिकारिक स्वीकृति दी जा चुकी है। इस बारे में रेलवे बोर्ड की ओर से सेंक्शन लेटर भी जारी कर दिया गया है।पिछले तीन दशक से मेड़ता शहर की ओर से मेड़ता से अजमेर के लिए सीधे रेल लाइन की मांग की जा रही थी। इस बीच अजमेर से पुष्कर तक रेल लाइन बिछ जाने के बाद पिछले लम्बे वक्त से मेड़ता से पुष्कर तक 51.34 किलोमीटर की दूरी तक रेलवे लाइन की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। राजसमंद की पूर्व सांसद और वर्तमान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी जब राजसमंद की सांसद थीं तब उन्होंने मेड़ता-पुष्कर रेल लाइन की बात रेलवे बोर्ड तक रखी थी। इसके बाद तीन महीने पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से मौखिक रूप से दिया कुमारी को मेड़ता-पुष्कर और मेड़ता-रास रेल लाइन की स्वीकृति के बारे में जानकारी दी गई थी। अब रेल मंत्रालय के रेलवे बोर्ड की ओर से दो लेटर जारी कर आधिकारिक रूप से इन दोनों लाइनों की स्वीकृति जारी कर दी गई है। मेड़ता-पुष्कर रेल लाइन परियोजना के काम की समायावधि 3 साल तथा मेड़ता-रास रेल लाइन परियोजना के काम की समयावधि 4 साल रहेगी।

मेड़ता क्षेत्र की दशकों पुरानी मांग पूरी हुई है। इसका सीधा क्रेडिट पूर्व राजसमंद सांसद और वर्तमान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को जाता है। उन्हीं के प्रयासों से दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। अब अजमेर से बीकानेर-जोधपुर की सीधी रेल कनेक्टिविटी होने से व्यापार के रास्ते खुलेंगे। माल परिवहन सस्ता होगा। -अभय सिंह भैंसड़ा, पूर्व सदस्य, रेलवे परामर्शदात्री समिति

**तीन जिलों में 9 नए रेलवे स्टेशन बनेंगे**

दोनों रेल लाइन परियोजनाओं में 9 नए रेलवे स्टेशन बनेंगे। इनमें मेड़ता सिटी (कात्यासनी), भैंसड़ा कलां, रियां बड़ी, कोड, नांद, धनेरिया, जसनगर, भूम्बलिया और रास में रेलवे स्टेशन बनेंगे। जबकि पुष्कर में पहले से ही रेलवे स्टेशन बना हुआ है। मेड़ता-पुष्कर रेल लाइन परियोजना के तहत नागौर और अजमेर जिले में रेलवे लाइन बनेगी। इसी तरह मेड़ता-रास रेल लाइन परियोजना के तहत मेड़ता और पाली जिले में रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। मेड़ता-पुष्कर और मेड़ता-रास इन दोनों रेल लाइन परियोजना पर 1680.60 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसी तरह दोनों परियोजनाओं के तहत कुल 102.746 किमी लम्बी नई रेल लाइन बिछाई जाएगी। इसी तरह दोनों परियोजना के तहत कुल 133.037 किमी लम्बा रेलवे ट्रैक बिछाया जाएगा। साथ ही दोनों रेल लाइन परियोजना में कुल 582.15 हैक्टेयर भूमि पर रेलवे ट्रैक और स्टेशन बनाए जाने का काम होगा।


## कार्यालय पंचायत समिति बीकानेर

क्रमांक 346-49 दिनांक: 14.02.2024

**निविदा सूचना 14/2023-2024**

पंचायत समिति बीकानेर में हड्डी ठेका हेतु सक्षम स्तर/वाणिज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी में पंजीकृत फार्मों को खुली बोली दिनांक-21.02.2024 हेतु आमंत्रित किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण पंचायत समिति कार्यालय में एवं http://sppp.rajasthan.gov.in) पर देखा जा सकता हैं।

**UBN**-PCQ2324WSOB00513

विकास अधिकारी
पंचायत समिति बीकानेर


## संत प्रकाश दास जी महाराज भगवान श्री देवनारायण जयंती पर करेंगे दीप प्रज्वलन

**जमवारामगढ़ (मृदुल पत्रिका)।** अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि शंकर धाभाई ने बताया कि समय को भरोसों कोणी कब पलटी मार जाए इत्यादि भजनों के सुप्रसिद्ध गायक संत प्रकास दास जी महाराज दीप प्रज्वलित कर विद्याधर नगर सेक्टर 4 गुर्जर की ढाणी स्थित मंदिर श्री देवनारायण एवम भेरू बाबा में श्री देवनारायण जयंती कार्यक्रम की शुरूआत करेङ्गे। समाजसेवी रवि शंकर धाभाई ने बताया कि अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ के पूरे देश के सदस्यों ने इस वर्ष तय किया है कि 16 फरवरी को राजस्थान में राज्य सरकार द्वारा हमारे संगठन द्वारा अनिवार्य छुट्टी घोषित करवाने बाद इस त्योहार भगवान श्री देवनारायण के जन्मदिन महोत्सव को शुक्रवार 16 फरवरी को पूरे राज्य एवम अन्य राज्य मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश एवम नोएडा दिल्ली में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उमंग के साथ मनाया जाएगा।



मंदिर समिति एवं अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ की महिला (युवा प्रकोष्ठ) की महासचिव वैष्णवी धाभाई ने बताया कि इस बार भगवान श्री देवनारायण के जन्मदिन को विद्याधर नगर सेक्टर 4, गुर्जर की ढाणी स्थित मंदिर में भी धूमधाम से दोपहर 4 बजे मनाया जाएगा।

इस दौरान गुर्जर समाज के समाज का नाम रोशन करने वाले गणमान्य व्यक्तियों का एवं सर्व समाज के विशिष्ट व्यक्तियों का उनकी सहरानीय एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए इस भव्य आयोजन के दौरान सम्मान किया जाएगा।

जयपुर के सामाजिक कार्यकर्ता रवि शंकर धाभाई ने बताया कि इस महोत्सव में जयपुर के जयपुर के धार्मिक स्थलों के संत, साधुओं एवम धर्म गुरुओं को आमंत्रित किया गया है। सभी श्रदालु एवम भक्तजनों द्वारा भगवान की वंदना कर भगवान से देश मे अमन चैन, भाईचारा, शांति एवं खुशियां रहें।

# बांसवाड़ा के भूकिया-जगपुरा गोल्ड माइंस की नीलामी के साथ ही राजस्थान की धरा उगलेगी सोना

- पहली बार नीलामी, 113.52 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क का आकलन
- गोल्ड के साथ ही निकलेगा कॉपर, निकल व कोबाल्ट आदि खनिज
- गोल्ड प्रसंस्करण के साथ ही राजस्व व रोजगार का खुलेगा पिटारा

**जयपुर, (मृदुल पत्रिका)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं खान व भूविज्ञान विभाग के मंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान का माइनिंग विभाग एक माह में ही नया इतिहास रचने जा रहा है। बांसवाड़ा के भूकिया जगपुरा में प्रदेश की पहली सोने की खानों की नीलामी की युद्ध स्तर पर तैयारी करते हुए सोने की दो खानों की ई-नीलामी की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के साथ ही करीब एक माह में ऑक्शन के लिए भारत सरकार के ई पोर्टल पर निविदा जारी कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में नई सरकार बनते ही पहले 15 दिन का अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाकर खनन माफिया पर प्रभावी कार्यवाही की गई, वहीं मेजर और माइनर ब्लाकों व आरसीसी ईआरसीसी ठेकों की नीलामी की प्रक्रिया शुरु की गई है। करौली सहित आयरन ओर के नए डिपोजिट्स की नीलामी से प्रदेश में औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। अब प्रदेश में सोने के खनन की राह प्रशस्त होने जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा खान व भूविज्ञान विभाग के मंत्री भी है।



खान सचिव श्रीमती आनन्दी ने बताया कि बांसवाड़ा के घाटोल तहसील के भूकिया-जगपुरा के 14 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सोने के विपुल भण्डार हैं। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के भू-वैज्ञानिकां द्वारा इस क्षेत्र में तांबें की खोज के लिए किये जा रहे एक्सप्लोरेशन के दौरान यहां पहली बार स्वर्ण के संकेत देखे गये। इस क्षेत्र में व्यापक एक्सप्लोरेशन के बाद 113.52 मिलियन टन स्वर्ण अयस्क का आरंभिक आकलन किया गया है जिसमें सोने के धातु की मात्रा 222.39 टन आंकी गई है। यहां स्वर्ण अयस्क के खनन के दौरान एक मोटे अनुमान के अनुसार एक लाख 74 हजार टन से अधिक कॉपर, 9700 टन से अधिक निकल और 13500 टन से अधिक कोबाल्ट खनिज प्राप्त होगा। राज्य सरकार के राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट आरएसएमईटी द्वारा ऑक्शन के लिए दोनों ब्लॉक को अंतिम रुप दिया जा रहा है। भूकिया जगपुरा में गोल्ड की इन खानों से सोने के साथ ही प्रचुर मात्रा में कॉपर, निकल और कोबाल्ट खनिज प्राप्त होगा। इससे देश और प्रदेश में इलेक्ट्रोनिक, पेट्रोलियम, पेट्रोकेमिकल, बैटरी, एयर बैग सहित कई उद्योगों में नए निवेश के साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अप्रत्याशित अवसर विकसित होंगे। कॉपर इण्डस्ट्रीज के साथ ही कॉपर का इलेक्ट्रोनिक क्षेत्र में कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ेगी वहीं निकल से बैटरी उद्योग, सिक्कों की ढ़लाई, इलेक्ट्रोनिक उद्योग आदि को बूम मिलेगा।

कोबाल्ट एयर बैग, पेट्रोकेमिकल उद्योग आदि में उपयोग आ सकेगा और इनके कच्चे माल की आपूर्ति के लिए विदेशों पर निर्भरता कम होगी। प्रदेश में कॉपर, निकल, कोबाल्ट से जुड़ी इण्डस्ट्रीज के नए निवेश से राजस्व और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार के विपुल अवसर विकसित होंगे।

उल्लेखनीय है वर्तमान में सरकारी क्षेत्र में कर्नाटक में हुट्टी गोल्ड माइंस कंपनी द्वारा गोल्ड का खनन किया जा रहा है व कर्नाटक के ही कोलार गोल्ड फिल्ड में काम हो रहा है।

निजी क्षेत्र में मुन्द्रा ग्रुप की रामा माइंस द्वारा इस क्षेत्र में एक्सप्लोरेशन और माइनिंग का कार्य किया जा रहा है। आंध्र प्रदेश में डेक्कनगोल्ड माइंस द्वारा गोल्ड प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। देश में सर्वाधिक स्वर्ण भण्डार बिहार में हैं वहीं राजस्थान में देश के करीब 25 प्रतिशत स्वर्ण भण्डार माने जा रहे हैं।


## RISHAB SPECIAL YARNS LTD

CIN : L17114RJ1987PLC004067
**Reg.off:** 2070, Rasta Bara Gangore, Jaipur : 302003 (Rajasthan)
**Tel. No.** 0141-2575213 ; **Email ID :** compliance.rsyl@gmail.com; **website :** www.rishabspecial.com

**Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Month ended 31st Dec. 2023**

(Rs. In Lakhs)

| Particulars | Sr. No. | Quarter ended 31.12.2023 (Unaudited) | Quarter ended 31.12.2022 (Unaudited) | Quarter ended 30.09.2023 (Unaudited) | Nine Month ended 31.12.2022 (Unaudited) | Nine Month ended 31.12.2022 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2023 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. Income from operations | 1 | | | | | | |
| Revenue from operations | | - | - | - | - | - | - |
| Other Income | | - | - | - | - | - | 0.03 |
| Total Income | | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.03 |
| 2. Expenses | 2 | | | | | | |
| Cost of materials Consumed | | | | | | | |
| Purchase of Stock in Trade | | - | - | - | - | - | - |
| Change in inventories of finished goods, work-in-progress and stock-in-trade | | - | - | - | - | - | - |
| Employee benefit Expenses | | - | - | - | - | - | 4.10 |
| Administrative Expenses | | - | - | - | - | - | 0.00 |
| Finance Cost | | - | - | - | - | - | 0.03 |
| Depreciation and amortisation expense | | - | - | - | - | - | - |
| Other expenses | | 2.09 | 1.70 | 0.25 | 11.67 | 7.90 | 5.65 |
| 3. Total Expenses | | 2.09 | 1.70 | 0.25 | 11.67 | 7.90 | 9.77 |
| 4. Profit/ (Loss) from before exceptional items and Tax (1-2) | 3 | -2.09 | -1.70 | -0.25 | -11.67 | -7.90 | -9.74 |
| 5. Exceptional items | 4 | | | | | | 0.00 |
| 6. Profit /(Loss) before Tax ( 3-4 ) | 5 | -2.09 | -1.70 | -0.25 | -11.67 | -7.90 | -9.74 |
| 7. Tax expense ( Deferred Tax Assets) | 6 | - | - | - | - | - | -0.70 |
| 8. Net Profit / (Loss) after Tax ( 5-6) | 7 | -2.09 | -1.70 | -0.25 | -11.67 | -7.90 | -9.04 |
| Other Comprehensive Income | 8 | | | | | | |
| - Items that will not be reclassified to Profit & Loss | - | - | - | - | - | - | |
| - Items that will be reclassified to Profit & Loss | | - | - | - | - | - | - |
| Total Comprehensive Income/(Loss) for the period ( 7+8) | | -2.09 | -1.70 | -0.25 | -11.67 | -7.90 | -9.04 |
| 9. Paid-up Equity Share Capital (Face value Rs. 10/- Each ) | 9 | 356.07 | 356.07 | 356.07 | 356.07 | 356.07 | 356.07 |
| 10. EPS (Not annualised) | 10 | (0.06) | (0.05) | (0.01) | (0.33) | (0.22) | (0.25) |
| Basic & Diluted EPS before Extraordinary items | | (0.06) | (0.05) | (0.01) | (0.33) | (0.22) | (0.25) |

Notes:
1. The above Unaudited financial Results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 14th Feb. 2024
2. Status of Investor Complaints during the quarter ended Dec. 2023
Opening Balance : ( Nil ) Received : (Nil ) Disposed off : ( Nil ) Pending as on 31.12.2023 : ( Nil )
3. Presently the company is primarily engaged in single business segment viz. Trading of Commodities.
4. The figure of the previous period have been regrouped / rearranged wherever considered necessery.

For RISHAB SPECIAL YARNS LIMITED
Sd/-
SANJAY KUMAR AGRAWAL
(MANAGING DIRECTOR)
DIN : 05308288

Date : 14.02.2024
Place: JAIPUR



**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT KALPA JAGIR PANCHAYAT SAMITI CHHIPABAROD**

S. NO. GP/2023-24/27 DATE-11-02-24

**NOTICE INVITING BID**

Bids for works are invited from interested bidders upto 25.02.2024 at (06:00 P.M.). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.gov.in, http://eproc.raj.nic.in) of the state.

UBN NO- ZBR2324WSRC00576-577

Village Development Officer, Gram Panchayat Kalpajagir
Sarpanch, Gram Panchayat Kalpajagir



## कार्यालय ग्राम पंचायत थौलाई पंचायत समिति आंधी, जिला-जयपुर

क्रमांकः-ग्रा.पं.थौ/निविदा/2024/24 दिनांकः 14-02-2024

**खुली ई-निविदा सूचना 2024**

पंचायत समिति आंधी के अधीन ग्राम पंचायत थौलाई में निर्माण कार्यों (संकर्म) के लिये ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी लागत राशि क्रमशः 06.00, 05.00, 05.00 लाख रूपये है एवं जिसकी अंतिम तिथि 21.02.2024 को 02:00 pm तक है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं DOWNLOAD/ UPLOAD की जा सकती है।

NIB CODE- ZJP2324A1479

UBN- ZJP2324WSOB02495-97

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत थौलाई
सरपंच, ग्राम पंचायत थौलाई



## GOENKA DIAMOND AND JEWELS LIMITED

**Registered Office :** 401, Panchratana, M.S.B. Ka Rasta, Johari Bazar, Jaipur - 302003, Rajasthan.
**CIN No. :** L36911RJ1990PLC005651; **Tel.:** 0141 2574175; **Email:** cs@goenkadiamonds.com

**EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2023**

(Rupees in Lacs)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended 31.12.2023 | Quarter Ended 30.09.2023 | Quarter Ended 31.12.2022 | Nine Months Ended 31.12.2023 | Nine Months Ended 31.12.2022 | Year Ended 31.03.2023 | Quarter Ended 31.12.2023 | Quarter Ended 30.09.2023 | Quarter Ended 31.12.2022 | Nine Months Ended 31.12.2023 | Nine Months Ended 31.12.2022 | Year Ended 31.03.2023 |
| | | 31.12.2023 | 30.09.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 | 31.12.2023 | 30.09.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 |
| 1 | Total Income from Operations | 33.40 | 29.49 | 59.31 | 87.34 | 179.19 | 217.71 | 15.88 | 14.74 | 36.88 | 39.55 | 147.04 | 166.93 |
| 2 | "Net Profit/(Loss) for the period (before tax, Exceptional and /or Extraordinary items)" | (48.46) | (55.11) | (42.85) | (160.75) | (129.53) | (187.69) | (49.98) | (83.83) | (85.52) | (210.96) | (146.99) | (229.62) |
| 3 | "Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)" | (48.46) | (55.11) | (42.85) | (160.75) | (129.53) | (187.69) | (49.98) | (83.83) | (85.52) | (210.96) | (146.99) | (229.62) |
| 4 | "Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)" | (48.88) | (55.54) | (40.79) | (160.53) | (128.20) | (187.51) | (50.40) | (84.27) | (83.46) | (210.73) | (145.66) | (229.43) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | - | - | - | | | (0.42) | (18.20) | 29.58 | 45.90 | 21.85 | (38.71) | (27.12) |
| 6 | Equity Share Capital | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 | 3,170.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | - | - | - | - | 21,905.99 | - | - | - | - | - | 20,695.94 |
| | "Earning Per Share (of Rs. 1/- each) (for continuing and discontinued operations) -" | | | | | | | | | | | | |
| 8 | 1) Basic: | (0.02) | (0.02) | (0.01) | (0.05) | (0.04) | (0.06) | (0.02) | (0.03) | (0.03) | (0.07) | (0.05) | (0.07) |
| | 2) Diluted: | (0.02) | (0.02) | (0.01) | (0.05) | (0.04) | (0.06) | (0.02) | (0.03) | (0.03) | (0.07) | (0.05) | (0.07) |

Notes:-
1. The above is an extract of the detailed format of quarter and year ended Financial result filed with Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarter and year ended Financial results are available on Stock Exchange website (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.goenkadiamonds.com).
2. The Company adopted Indian Accounting Standards(Ind AS) from 1st April, 2017.

For Goenka Diamond And Jewels Limited
Sd/-
Saurabh Malpani
Interim Resolution Professional

Place : Mumbai
Date : February 14, 2024

